प्रेस नोट

(दिनांक 04/09/2024)

म.प्र. का शातिर अपराधी के कब्जे से 01 अदद नाजायज तमंचा देशी 315बोर नाजायज मय 02 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर के साथ गिरफ्तारी थाना समथर जिला झाँसी

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी महोदय श्री राजेश एस. के कुशल निर्देशन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय श्री गोपीनाथ सोनी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी मोंठ महोदय श्री हरीमोहन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 04.09.2024 को थानाध्यक्ष श्री अजमेर सिंह भदौरिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा देखभाल क्षेत्र शान्ति व्यवस्था रोक थाम जुर्म जरायम रात्रि गस्त में मामूर थे जैसे ही मैं थानाध्यक्ष मय सरकारी गाडी व मय हमराह पुलिस बल के गस्त करते हुये पण्डोखर बार्डर पर बने स्वागत गेट के पास पहुचा तो एक व्यक्ति पण्डोखर बार्डर की तरफ से आ रहा था किन्तु पुलिस की सरकारी गाडी देखकर पीछे मुडकर तेज कदमो से वापस पण्डोखर बार्डर की तरफ जाने लगा संदिग्ध प्रतीत होने पर टोका व नाम पता पूछने के लिये पास मे जाकर गाडी रोका तो सकपका कर रुक गया वही स्वागत गेट के नीचे पण्डोखर की तरफ संदिग्ध व्यक्ति से नाम व पता पूछते हुये जामा तलाशी ली गयी तो उसमे अपना नाम शिवम यादव पुत्र देवेन्द्र यादव निवासी ग्राम खिस्टोन थाना पृथ्वीपुर जिला निवाडी (म0प्र0) उम्र करीब 23 वर्ष बताया जिसके जामा तलाशी से पहने हुए पैन्ट की दाहिनी जेब से एक अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस मिला। जिसके सम्बन्ध मे थाना समथर पर मु0अ0सं0 152/24 धारा 3/25 Arms Act का अभियोग पंजीकृत हुआ। अभियुक्त शिवम यादव उपरोक्त के विरूद्ध म.प्र. कई थानों में हत्या ,लूट जैसे जघन्य अपराध पंजीकृत है और जो म.प्र. के कई थानो के अभियोगो से सम्बन्धित है। अभियुक्त शिवम यादव उपरोक्त को विधिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त –

शिवम यादव पुत्र देवेन्द्र यादव निवासी ग्राम खिस्टोन थाना पृथ्वीपुर जिला निवाडी (म0प्र0) उम्र करीब 23 वर्ष

बरामदगी– अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा देशी 315 बोर नाजायज चालू हालत मे व 02 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर बरामद किये गये।

गिरफ्तारी का स्थान– स्वागत गेट के नीचे पन्डोखर की तरफ वहद पन्डोखर बार्डर दूरी करीब 08 कि0मी0 दिशा पश्चिम

गिरफ्तारी का दिनांक– 04/09/2024 समय 01.35 बजे

गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. थानाध्यक्ष श्री अजमेर सिंह भदौरिया
2. उ0नि0 मिथलेश कुमार
3. का0 950 अमरदीप

<u>अपराधिक इतिहास -</u>

1.मु.अ.सं. 340/2021 धारा 294/302/323/324/34/341/506 भादवि थाना पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी म.प्र.

2.मु.अ.सं. 176/20 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट थाना ओरछा जिला निवाड़ी म.प्र.

3.मु.अ.सं. 65/24 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट थाना ओरछा जिला निवाड़ी म.प्र.

4.मु.अ.सं. 338/24 धारा 296/125/351(3)/3(5) बीएनएस व 25/27 आर्म्स एक्ट थाना ओऱछा जिला निवाडी म.प्र.

5.मु.अ.सं. 147/24 धारा 309(6)/61(2)/328 बीएनएस व 25/27 आर्म्स एक्ट थाना दिनारा जिला शिवपुरी म.प्र.